प्रेस नोट संख्या- 02

दिनांक 01.10.2024

सराहनीय कार्य जनपद अमेठी

थाना जामो पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 04 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, आलाकत्ल 04 अदद बांस की लाठी बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण- वादिनी मुकदमा द्वारा थाना जामो पर लिखित सूचनी दी गयी कि दिनांक 30.09.2024 को विपक्षी 1. सोनू पुत्र जगन्नाथ, 2. संजय पुत्र जगन्नाथ, 3. संदीप पुत्र उदय राज, 4. राज कुमार पुत्र राम सेवक, 5. अन्नू पुत्र उदय राज, 6. विकास पुत्र राज कुमार व 7. उनके घर की महिलाये नि०गण पूरे मंगल बरेहटी थाना जामों जनपद अमेठी द्वारा उनके भाई रामगोपाल को लाठी डन्डों से मारा पीटा गया था जिससे घायल राम गोपाल उपरोक्त को गंभीर चोटे आयी थी। उक्त के संबन्ध में थाना जामो पर मु0अ0सं0 - 253/2024 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 117(2), 352, 351(2), 109 बीएनएस बनाम 1. सोनू पुत्र जगन्नाथ, 2. संजय पुत्र जगन्नाथ, 3. संदीप पुत्र उदय राज, 4. राज कुमार पुत्र राम सेवक, 5. अन्नू पुत्र उदय राज, 6. विकास पुत्र राज कुमार, व 7. उनके घर की महिलाये नि०गण पूरे मंगल बरेहटी थाना जामों जनपद अमेठी पंजीकृत किया गया है। घायल रामगोपाल उपरोक्त की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। पुलिस अधीक्षक अमेठी महोदय द्वारा अभियोग उपरोक्त को सुसंगत धाराओं में तरमीम करने व नामजद आरोपीगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिये गये थे।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 01.10.2024 को श्री विनोद कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक जामो मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर 253/2024 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 117(2), 352, 351(2), 103(1) बीएनएस थाना जामो जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्तगण 1.सोनू पुत्र जगन्नाथ उम्र करीब 32 वर्ष 2. राजकुमार पुत्र रामसेवक उम्र करीब 46 वर्ष 3.विकास पुत्र राजकुमार उम्र करीब 19 वर्ष निवासीगण पूरे मगंल बरेहटी थाना जामो जनपद अमेठी 4. तन्नुराम पुत्र उदयराज निवासी ग्राम भनौली थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी हाल पता ग्राम पूरे मगंल बरेहटी थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 18 वर्ष को धर्मगतपुर कादूनाला रोड के पास से समय करीब 12:40 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की निशानदेही पर आलाकत्ल 04 अदद बांस की लाठी बरामद हुआ।

बरामदगी के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने बताया कि बरामद 04 अदद बांस की लाठी से दिनांक 30.09.2024 को रामगोपाल की बाग में सुअर बाड़ा के पास रामगोपाल को मारा पीटा था जिनकी बाद में मृत्यु हो गयी। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता –

1. सोनू पुत्र जगन्नाथ उम्र करीब 32 वर्ष निवासी पूरे मगंल बरेहटी थाना जामो जनपद अमेठी।
2. राजकुमार पुत्र रामसेवक उम्र करीब 46 वर्ष निवासी पूरे मगंल बरेहटी थाना जामो जनपद अमेठी।
3. विकास पुत्र राजकुमार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी पूरे मगंल बरेहटी थाना जामो जनपद अमेठी।
4. तन्नुराम पुत्र उदयराज निवासी ग्राम भनौली थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी हाल पता ग्राम पूरे मगंल बरेहटी थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 18 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग -

- मु0अ0सं0 253/2024 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 117(2), 352, 351(2), 103(1) बीएनएस थाना जामो जनपद अमेठी ।(में वांछित)

बरामदगी –

- आलाकत्ल 04 अदद बांस की लाठी।

गिरफ्तार करने वाली टीम –

1. श्री विनोद कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक जामो जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 जगदेवन राजवंशी थाना जामो जनपद अमेठी।
3. हे0का0 अजय कुमार सोनकर थाना जामो जनपद अमेठी।
4. हे0का0 जितेन्द्र कुमार थाना जामो जनपद अमेठी।
5. का0 जलेन्द्र कुमार थाना जामो जनपद अमेठी।
6. का0 अतुल यादव थाना जामो जनपद अमेठी।
7. का0 संजय कुमार थाना जामो जनपद अमेठी